जय जय गिरिबरराज किसोरी । जय महेस मुख चंद चकोरी ।।
जय गजबदन षडानन माता । जगत जननि दामिनि दुति गाता ।।
मानस गौरी स्तुति । राम कथा 914 - नवसारी,गुजरात । मोरारी बापू

दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 254 | इंदौर, शनिवार 25 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

- **Rahul Gandhi : राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू, बोले- हिंदुस्तान में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है**
- **Weather: उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में बारिश और पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी, जानें अगले हफ्ते कैसा रहेगा मौसम**
- **Sharada Peeth: करतारपुर कॉरिडोर की तर्ज पर खुलेगा शारदा पीठ, इससे क्या बदलेगा, इसकी मांग कब से हो रही है?**
- **Shekhar Suman: 24 दिनों से लापता हैं शेखर सुमन के रिश्तेदार, अभिनेता ने मुख्यमंत्री से लगाई CBI जांच की गुहार**
- **Covid-19: पांच हफ्तों में नौ गुना तक बढ़ा संक्रमण, स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह- इन चार 'T' पर दें विशेष ध्यान**
- **ODI WC: जहीर खान ने टीम इंडिया को दी कड़ी चेतावनी, बोले- 2019 विश्व कप से पहले भी हमारी हालत कुछ ऐसी ही थी**
- **Land For Job: पूछताछ में शामिल होने सीबीआई दफ्तर पहुंचे तेजस्वी यादव, बोले- ताजा हालात कठिन पर हम लड़ेंगे**
- **'...तो होगी मौत और तबाही': रिश्वत मामले में जांच के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने दी चेतावनी, समर्थकों से की यह अपील**

# कमलनाथ के गढ़ से चुनावी शंखनाद करेंगे अमित शाह

## छिंदवाड़ा में सातों विधानसभा सीट कांग्रेस की, सांसद भी, भाजपा ने प्रतिष्ठा से जोड़ा

"छिंदवाड़ा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज छिंदवाड़ा पहुंच रहे हैं। वे यहां कार्यकर्ताओं की रैली करेंगे। आदिवासियों के आस्था के केंद्र हर्रई ब्लॉक के आंचलकुंड दादा दरबार मंदिर से मप्र में भाजपा के चुनावी अभियान का आगाज करेंगे। शाह दोपहर करीब 2.10 बजे यहां पहुंचकर पूजा करेंगे। इसके बाद हेलिकॉप्टर से दोपहर 3.10 बजे छिंदवाड़ा में पुलिस ग्राउंड पहुंचेंगे। यहां जनसभा को संबोधित करेंगे।"



शाह के इस दौरे से छिंदवाड़ा का सियासी पारा चढ़ गया है, क्योंकि यह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गढ़ है। यहां से उनके बेटे नकुल सांसद हैं और छिंदवाड़ा जिले की सातों सीटों पर कमलनाथ के साथ कांग्रेस विधायक काबिज हैं।

शाह पहली बार छिंदवाड़ा आएंगे। लिहाजा, पूरी प्रदेश भाजपा सक्रिय है। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा 24 मार्च को ही छिंदवाड़ा पहुंच गए। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल समेत दूसरे नेता भी शाह की सभा के लिए जुट गए हैं। भाजपा ने इस बार छिंदवाड़ा को प्रतिष्ठा से जोड़ दिया है। शाह के आने से पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के तीन दौरे छिंदवाड़ा में हो चुके हैं।

### ● मुख्यमंत्री चौहान दोपहर में पहुंचेंगे हर्रई

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी हर्रई पहुंचेंगे। सीएम दोपहर में छिंदवाड़ा की तहसील हर्रई के बटकाखापा पहुंचेंगे। यहां हेलीपेड बनाया गया है। यहां से दोनों आंचलकुंड दादा दरबार मंदिर पहुंचेंगे। अमित शाह मंदिर में पूजा के साथ आदिवासी धर्म गुरुओं को सम्मानित करेंगे। उनके साथ खाना खाएंगे। इसके बाद सीएम और केंद्रीय गृहमंत्री छिंदवाड़ा में पुलिस ग्राउंड में पहुंचेंगे।

### ● भाजपा कार्यालय भी जाएंगे गृहमंत्री शाह

छिंदवाड़ा के इतिहास में यह पहली बार है जब केंद्रीय गृहमंत्री भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। शाह यहां शाम को प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इसके बाद नागपुर के लिए रवाना होंगे।

### ● लोकसभा की हारी हुई सीटों पर भाजपा का चुनावी मिशन

बीजेपी ने देशभर में हारी हुई सीटें आधी-आधी (80-80 सीट) शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच बांटीं हैं। ये वो सीटें हैं, जिन्हें भाजपा कभी न कभी एक बार या अधिक बार जीत चुकी है। इन्हीं में शामिल छिंदवाड़ा संसदीय सीट शाह के हिस्से में है। इसीलिए पहली बार वे छिंदवाड़ा में चुनावी शंखनाद करेंगे। भाजपा ने शाह के अलावा मंत्री गिरिराज सिंह को भी छिंदवाड़ा सीट का जिम्मा सौंपा है। प्रदेश भाजपा की ओर से महामंत्री कविता पाटीदार को यहां का प्रभारी और श्याम महाजन को रणनीतिक जिम्मा दिया है। इसके अलावा जिलास्तर पर भी टीमें बना दी गई हैं।

# भवरकुंआ फ्लाय ओव्हर के निर्माण का रास्ता साफ ....

● हाईकोर्ट ने बीआरटीएस के 700 मीटर के हिस्से में ट्रेफिक डायवर्ट करने की अनुमति प्रदान की

● कोर्ट की यह अनुमति 18 माह तक वैध रहेगी

● आज अफसर और जनप्रतिनिधि करेंगे निर्माणाधीन स्थल का दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इन्दौर ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में भवंरकुंआ फ्लाय ओव्हर बनाने की दिशा में आ रही बाधा को दूर करते हुए इसके निर्माण का रास्ता साफ कर दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में बी.आर.टी.एस. लेन में मिक्स ट्रेफिक को गुजरने की अनुमति देते हुए बी.आर. टी.एस. के 700 मीटर के हिस्से में ट्रेफिक डायवर्ट करने की अनुमति प्रदान की। यह अनुमति 18 माह तक वैध रहेगी, इसके अतिरिक्त किसी कारणवश निर्माण में विलम्ब होने पर न्यायालय से पुनः स्वीकृति ली जाना आवश्यक होगी।

अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने बताया कि भंवरकुंआ चौराहा शहर के व्यस्तम चौराहों में से एक जिस पर दोनो ओर से 150000 वाहन प्रतिदिन गुजरते है। साथ ही इस क्षेत्र में 3-4 लाख विद्यार्थी निवासरत होकर विद्या ग्रहण करते है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री ने जो 11 फ्लाय ओव्हर इस शहर में बनाने के निर्देश दिये थे, जिसमें प्रथम फेस में भंवरकुंआ चौराहा फ्लाय ओव्हर बनाये जाने का निर्णय लिया गया।

### फ्लाय ओव्हर ब्रिज बनने से होगी समय की बचत

बताया गया है की फ्लाय ओव्हर निर्माण से उनके समय की बचत तो होगी ही, उस समय को वे शिक्षा ग्रहण करने में उपयोग कर सकेंगे। इतने व्यस्तम मार्ग में निर्माण के चलते यह आवश्यक हो गया था कि निर्माण स्थल पर वाहनों की आवाजाही रोकी जा सके। माननीय उच्च न्यायालय में इस आशय की याचिका लगाई गई, जिसे शहर के विकास के हित में उच्च न्यायालय द्वारा विकास की दिशा में सकारात्मक निर्णय प्रदान किया, जिससे फ्लाय ओव्हर निर्माण की अवरूद्ध गति को गति मिल सकेगी।

### बीआरटीएस. के दोनो ओर 3-3 लेन में बनाया जाना प्रस्तावित है

उन्होंने बताया कि इस फ्लाय ओव्हर की लम्बाई 625 मीटर होकर बी.आर.टी.एस. के मार्ग के दोनो ओर 3-3 लेन में बनाया जाना प्रस्तावित है, जिसकी निर्माण लागत राशि रुपए 47.27 करोड़ है। इसके बन जाने से भंवरकुंआ चौराहे पर खातीवाला टैंक से खण्डवा रोड़ जाने वाला ट्रेफिक सीधा निकल सकेगा एवं बी.आर. टी.एस. मार्ग के दोनो ओर ट्रेफिक फ्लाय ओव्हर के माध्यम से निकल सकेगा।

### आज होगा निमार्णाधीन कार्य का अवलोकन

श्री चावड़ा ने बताया कि न्यायालय के इस महत्वपूर्ण निर्णय के परिपालन में इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा जाली हटाने का कार्य शुरू किया जा चुका है। दिनांक 25 मार्च 2023 को वे जन प्रतिनिधियों के साथ भंवरकुंआ चौराहे फ्लाय ओव्हर के निमार्णाधीन कार्य का अवलोकन करने के लिये प्रातः 11.00 बजे पहुंचेंगे।

# कांग्रेस की सरकार बनी तो 18 साल की उम्र से देंगे लाड़ली बहना योजना का फायदा

● कांग्रेस के इंदौरी नेता ने तैयार किया ड्राफ्ट - अविवाहित युवतियों को भी जोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लाड़ली बहना योजना के बीच चल रही राजनीति के बीच कांग्रेस ने इस योजना को लेकर एक ड्राफ्ट तैयार किया है, जिसमें लाड़ली बहना योजना का लाभ 18 साल की उम्र से देने एवं अविवाहित युवती और महिलाओं को भी इसमें शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है।**

शनिवार से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना के फार्म भरना शुरू हो जाएंगे। प्रदेश की लाखों महिलाओं को इसका फायदा मिलने वाला है, लेकिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने लाड़ली बहना योजना में 1500 रुपए की राशि देने और गैस सिलेंडर 500 रुपए करने की घोषणा कर दी। कांग्रेस की सरकार जब आएगी, यह तब तय किया जाएगा, लेकिन इसको लेकर इंदौर के कांग्रेस नेता राकेशसिंह यादव द्वारा एक ड्राफ्ट तैयार किया गया है, जिसमें लाड़ली बहना योजना में अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ कैसे मिले, यह बताया गया है।

इस ड्राफ्ट को प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जा रहा है। इस ड्राफ्ट में लाड़ली बहना योजना में प्रत्येक महिला को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। यानि 18 साल से 60 साल तक की महिलाओं को इसका लाभ दिया जाएगा, वहीं इस योजना में महिला को विवाहित होना जरूरी नहीं होगा, अविवाहित युवती और महिलाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें पेनधारक यानि इनकम टैक्स भरने वाली महिलाओं को छोड़कर सभी महिलाओं को इसका लाभ दिया जाएगा, वहीं आवेदन की प्रक्रिया को सरल करने की बात भी ड्राफ्ट में कही गई है। इसमें आवेदनकर्ता महिला को वोटर आईडी और बैंक अकाउंट नंबर देना ही अनिवार्य रहेगा। केवाईसी की आवश्यकता नही होगी। ड्राफ्ट को आवश्यक कांटछांट करके कांग्रेस के घोषणा पत्र में लागू किया जाएगा।

# दी इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंदौर लोकल ने विश्व जल दिवस पर सेमिनार किया

## रोजाना नहाना बंद करे, इस से करोड़ों गैलन पानी बचेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जल बड़ा कीमती और अनमोल है। इसकी एक एक बूंद बचाना बेहद जरूरी है। अगर अभी भी नही चेते तो भविष्य में जल को लेकर युद्ध और लड़ाई होना तय है।एक व्यक्ति के नहाने पर औसतन 20 लीटर पानी खर्च होता है। अत रोज नहाना बंद करे। इस से प्रतिदिन करोड़ों गैलन पानी बचेगा।**

ये बात पर्यावरणविद पदमश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कहीं। वे विश्व जल दिवस पर मुख्य वक्ता बतौर बोल रहे थे,जिसका आयोजन द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंदौर लोकल ने एक निजी होटल में किया था।

हमारी सभ्यता नदी के किनारे बसी अब पहले आबादी बस्ती और उसकी पूर्ति के लिए पानी पहुंचाया जा रहा है जो गलत है। 85 फीसदी पानी पीने योग्य नही है। जो पानी बाहर से साफ दिखता उसे हम शुद्ध समझ लेते जबकि उसमे कई तरह के विजातीय तत्व होते है। हमने पानी की कद्र करना बंद कर दिया है,जिसके दुष्परिणाम हमे ही भुगतना पड़ रहे है।अगर हम समय रहते नही संभाले तो हमे भयानक जल संकट से गुजरना होगा।

अध्यक्षीय उद्बोधन में इंजिनियर आर पी गौतम ने कहा कि जल ही जीवन है,इसके बगैर हम क्या कोई भी प्राणी जी नही सकता।जल को बचाने ,उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेवारी हर व्यक्ति की है।जल के बिना सब सूना है।किसी को भी यह अधिकार नहीं कि वह जल को बर्बाद करें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने दी।

रिटायर्ड आईआरएस और गांधीवादी विचारक डॉ. आर के पालीवाल ने कहा कि विश्व जल दिवस मनाने से पहले हमे कुछ संकल्प लेने होगे कि हम नदियों में भूलकर भी कचरा गंदगी डालकर उसे प्रदूषित नहीं करेगे। खेतों में कीटनाशक दवाइयां नही

पालीवाल ने आगे कहा कि पेड़ ऑक्सीजन के सबसे बड़े पावरहाउस है ,वे वर्षा को भी आमंत्रित करते है। दुर्भाग्य से हमने विकास के लिए पेड़ो को बेरहमी से काटना शुरू कर दिया,जिस पर ध्यान देने की अधिक जरूरत है।

अतिथि स्वागत कार्यक्रम सयोजक डॉ. शिल्पा त्रिपाठी, इंजिनर्स आर पी गौतम ने किया। प्रतिक चिन्ह रमेश चौहान ने प्रदान किए। संचालन किया डॉ. राना पाठक ने और आभार माना इंजिनियर दीपक शाह ने। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इंजीनियर्स उपस्थित थे।

# नई कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से प्रापर्टी की दरें तय होगी

● 27 मार्च को भोपाल में होने वाली बैठक में दरें तय की जाएंगी

● कलेक्टर गाइडलाइन में 3,918 स्थानों में से 733 स्थानों पर पांच से 25 प्रतिशत तक वृद्धि प्रस्तावित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर सहित प्रदेश के सभी जिलों में वित्तीय वर्ष 2023-24 की नई कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से प्रापर्टी की दरें तय की जानी है। इसको लेकर 27 मार्च को बैठक होगी। यह बैठक महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, वाणिज्यिक कर विभाग के कार्यालय में होगी। जिसमें महानिरीक्षक पंजीयन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।**



प्रस्ताव में स्थानों पर तय की गई वृद्धि को लेकर जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति दर्ज कराई थी तो वहीं दावे और सुझाव भी आए थे। जिन पर समिति द्वारा संज्ञान भी लिया गया है। बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की कलेक्टर गाइडलाइन के लिए बनाए गए प्रस्ताव को अनुमोदित कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा जा चुका है। इसके आधार पर एक अप्रैल से जिले में प्रापर्टी की दरें लागू हो जाएंगी। इस संबंध में -एम सेलवेंद्रन, महानिरीक्षक, पंजीयन विभाग ने कहा की पूरे प्रदेश के सभी जिलों से प्रापर्टी की दरें तय करने संबंधी प्रस्ताव हमारे पास आ चुके हैं। अब इनको लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की गई हैं। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 की दरों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# 77 हजार से अधिक हितग्राहियों को रोजगार के लिये दी 650 करोड़ रुपए की मदद

● रोजगार दिवस पर लाभार्थियों को दिये गये हितलाभ प्रमाण-पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार इंदौर में आज रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। जिले में विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के अंतर्गत 77 हजार 255 से अधिक हितग्राहियों को रोजगार के लिये 650 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। जिले में इन योजनाओं के लाभार्थियों को आज रोजगार दिवस पर ग्रामीण हाट बाजार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हितलाभ प्रमाण-पत्र वितरित किये गये।**

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के श्री महेश गुप्ता, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र श्री एस.एस. मण्डलोई, जिला रोजगार अधिकारी श्री पी.एस. मण्डलोई, एनआरएलएम के परियोजना अधिकारी श्री आनंद शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। रोजगार दिवस पर आज यहां रोजगार मेले का आयोजन भी किया गया। इसमें 23 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने नौकरी के लिये युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया।

कार्यक्रम में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री एस.एस. मण्डलोई ने बताया कि जिले में कई योजनाओं के तहत जिले में गत फरवरी 2023 से लेकर अब तक 77 हजार से अधिक हितग्राहियों को 650 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक का ऋण स्वीकृत कर वितरित किया गया है। आज रोजगार दिवस पर इन लाभार्थियों को हितलाभ का प्रमाण-पत्र दिया गया।

● जिला स्तरीय रोजगार मेला

रोजगार दिवस पर आज ग्रामीण हाट बाजार में रोजगार मेला भी लगाया गया। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि मेले में कुल 23 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन्होंने 187 युवाओं का प्रारंभिक चयन नौकरी के लिये किया। मेले में कुल पंजीयन 556 थे। प्रमुख रूप से सेल्स एग्जीक्यूटिव, ऑपरेटर, पीकर, मार्केटिंग, सर्वेयर, बीमा सलाहकार, टेलीकॉलर ओर रिकवरी ऑफिसर आदि पदों के लिए चयन किया गया।




सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों की शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने किया युवा कौशल कमाई योजना का ऐलान**

# युवाओं को ट्रेनिंग के लिए 8 हजार रुपए महीना देगी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** चुनावी साल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक के बाद एक मास्टर स्ट्रोक खेले जा रहे हैं। लाडली बहना योजना के बाद सीएम ने दूसरा दांव युवाओं पर खेला है। सीएम ने युवा कौशल कमाई योजना का ऐलान किया है। इसके तहत युवाओं को नौकरी लगने तक ट्रेनिंग के लिए 8 हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे। इस योजना का फायदा 29 साल तक के वोटर्स मिलेगा, जिनकी संख्या 1 करोड़ 40 लाख से ज्यादा है।

यदि बेरोजगारों के आंकड़े देखें तो शिक्षित बेरोजगार 37 लाख से ज्यादा हैं। सीएम शिवराज ने कहा है कि मप्र शासन की नौकरियों में एक साल में जितने चाहे फॉर्म भरें, फीस एक बार ही लगेगी। चुनाव से तीन महीने पहले ही युवाओं को यह राशि मिलने लगेगी। तीन महीने में कितने युवा भाजपा सरकार को दोबारा चुनते हैं यह तो नतीजे ही बताएंगे। फिलहाल जानते हैं क्या है युवा कौशल कमाई योजना और सरकार ने क्या कैलकुलेशन लगाकर यह योजना लॉन्च की है।

## युवा आयोग का पुनर्गठन व राज्य युवा सलाहकार परिषद का गठन

नीति के मुताबिक इस नीति का क्रियान्वयन करने के लिए सरकार युवा आयोग का पुनर्गठन करेगी। इसके साथ ही राज्य युवा सलाहकार परिषद का गठन भी किया जाएगा। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। यह परिषद खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधीन काम करेगा। युवा आयोग के पुनर्गठन के सवाल पर अरुण दीक्षित कहते हैं कि युवा आयोग ही नहीं, अन्य आयोग की स्थिति इतनी खराब है कि उनके पदाधिकारी अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बता दें कि कमलनाथ सरकार के दौरान युवा आयोग की कमान कांग्रेस नेता अभय दुबे को सौंपी गई थी। लेकिन 15 महीने की सरकार के दौरान इस आयोग ने कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। बता दें कि मप्र में युवा आयोग का गठन 2012 में किया गया था। यह शिक्षा, खेल, संस्कृति एवं रोजगार से जुड़ी सिफारिशें करेगा।



### क्या है युवा कौशल कमाई योजना

ऐसे यूथ, जिन्हें 12वीं या ग्रेजुएशन के बाद जॉब नहीं मिली, उन्हें अलग-अलग फील्ड में ट्रेनिंग कराई जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान ही 8 हजार रुपए महीना दिया जाएगा। 1 जून से यूथ पोर्टल (yuvaportal.mp.gov.in) पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। इसके बाद रजिस्ट्रेशन कभी कर सकते हैं, इसकी कोई समय सीमा नहीं है। 1 जुलाई से रजिस्ट्रेशन करने वाले बच्चों को पैसा मिलना शुरू हो जाएगा। इसके तहत 15 से 29 साल युवा पात्र होंगे।

## वन टाइम एग्जाम फीस, कितने भी फॉर्म भरो एक बार ही पैसा देना होगा

अब केवल वन टाइम ही परीक्षा शुल्क देना होगा। अलग-अलग परीक्षा के लिए शुल्क देने की जरूरत नहीं होगी। अगर इंटरव्यू के लिए दिल्ली जाना पड़ेगा तो उन बच्चों को मध्यप्रदेश भवन में निःशुल्क रहने की व्यवस्था की जाएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम एक फैसला और कर रहे हैं, हमारे बच्चों को सरकारी नौकरियों के लिए फार्म भरने पड़ते हैं और अलग-अलग जगह परीक्षा शुल्क अलग-अलग लगता है। उन्होंने कहा कि अब केवल एक बार ही परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। सभी परीक्षाओं में वो भाग ले सकेंगे। हर परीक्षा के लिए अलग-अलग शुल्क की जरूरत नहीं होगी।

## ब्याज में सब्सिडी भी देगी सरकार

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत एक लाख से लेकर 50 हजार रुपए तक का लोन बैंक देगा। उस लोन को वापस करने की गारंटी मम्मी-पापा नहीं, गारंटी सरकार देगी। इंटरेस्ट में सब्सिडी भी देगी। ताकि आपको व्यवसाय और छोटे मोटे इंडस्ट्रीज के लिए पैसा चाहिए तो आपका काम हो जाए। मुख्यमंत्री मेधावी योजना की फीस की सीमा 6 लाख रुपए थी, इसे बढ़ाकर 8 लाख रुपए किया गया है।

### कलाकारों को 3 हजार रुपए हर महीने फेलोशिप

जनजातीय लोक कला को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 1 हजार कलाकारों को 3 हजार प्रतिमाह फेलोशिप दी जाएगी। मां तुझे प्रणाम योजना की तर्ज पर प्रदेश और संस्कृति को जानने के लिए युवा अनुभव यात्रा कराई जाएगी।

### मेडिकल में हिन्दी की सीटें भी होंगी आरक्षित

ज्ञान और प्रतिभा होने के बावजूद अंग्रेजी के कारण परेशानी होती है। अंग्रेजी की ही बाध्यता होती थी। यह नहीं होने देंगे, इसलिए मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई, इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी भाषा में भी कराई जाएगी। चौहान ने कहा कि सारंग को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेजों में हिन्दी की सीटों का भी रिजर्वेशन कर दो। उन्हें भी आरक्षण दिया जाएगा। नीट में सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए 5% आरक्षण देकर अलग से मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी।

### विश्वविद्यालयों में खोले जाएंगे हेल्थ क्लीनिक

इसके पीछे मंशा यह है कि छात्र सुरक्षित और गोपनीयता के अभाव में स्टूडेंट डॉक्टर से एडवाइस लेने में हिचकिचाते हैं। ऐसे में उन्हें विश्वविद्यालय में ही छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग परामर्श केंद्र खोले जाएंगे। इसी तरह स्कूल- कॉलेजों में हेल्थ क्लब शुरू किए जाएंगे, जहां छात्रों के पोषण व स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए उच्च शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रुप से काम करेंगे।

### स्कूल-कॉलेजों में होगा बॉडी मास इंडेक्स

युवा नीति के मुताबिक स्कूल-कॉलेजों में बॉडी मास इंडेक्स (BMI) होगा यानी हर स्टूडेंट का उम्र के हिसाब से वजव व भोजन को माना जाएगा। एक ऐसा ही फॉर्मूला है, जो वजन तय करने के लिए कारगर है।

### उमंग स्कूल स्वास्थ्य और आरोग्य कार्यक्रम पाठ्यक्रम में शामिल होंगे

किशोरी व युवाओं के स्वास्थ्य मुद्दों को उमंग स्कूल स्वास्थ्य और आरोग्य कार्यक्रम को स्कूल व कॉलेजों के पाठ्यक्रम में एकीकृत किया जाएगा। इससे माहवारी, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के साथ नशीलें पदार्थों की लत, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य आदि के संबंध में उम्र के अनुकूल स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान हो सके। महावारी से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों व भ्रांतियों का छात्राओं के स्कूल छोड़ने का मुख्य कारण होता है। ऐसे में शिक्षक व स्वास्थ्य कर्मी इसके प्रति जागरुक करने में अहम रोल अदा करेंगे। इसके लिए 10 से 19 साल की आयु तक की छात्राओं के शिक्षण संस्थानों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन होगा, स्कूलों में खेल पीरियड अनिवार्य

खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर मध्य प्रदेश में खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजव किया जाएगा। जिस तरह से देश भर राज्य इंडिया यूथ गेम में हिस्सा लेते हैं। उसी तरह एमपी यूथ गेम्स में हर जिले के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बता दें कि हाल ही में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मप्र 98 मेडल के साथ तीसरे नंबर पर रहा, जबकि महाराष्ट्र 161 मेडल जीतकर टॉप पर रहा। दूसरे नंबर पर रहे हरियाणा ने 128 मेडल जीते हैं।

## भाजपा नेता का बेटा भस्मारती के नियमों को ताक पर रखकर पहुंचा गर्भगृह में

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में होने वाली भस्मारती में भाजपा नेता के बेटे के शामिल होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कहा जा रहा है कि सारे नियम-कायदे सिर्फ आम आदमी के लिए होते हैं, नेता के लिए सारे नियम ताक पर रख दिए जाते हैं। जिम्मेदार अब सीसीटीवी से जांच करने की बात कह रहे हैं। बता दें कि भाजपा नेता व इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला का बेटा रुद्राक्ष शुक्ला भस्मारती के दौरान गर्भगृह में मौजूद था। इसका वीडियो-फोटो सामने आए हैं। नियम अनुसार भस्मारती के दौरान गर्भगृह में सिर्फ मंदिर के पुजारी-पुरोहित ही रह सकते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो से बाबा महाकाल के भक्तों में खासा आक्रोश है लेकिन जिम्मेदारों ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। गर्भगृह में जाकर बाबा महाकाल की भस्मारती में शामिल होने का वीडियो इंदौर के भाजपा नेता व इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष का बताया जा रहा है। रुद्राक्ष शुक्ला ने 12 मार्च को फेसबुक पर भस्मारती में शामिल होने का वीडियो पोस्ट किया है। करीब 26 सेकंड का यह वीडियो 12 मार्च को रंगपंचमी के दिन की भस्मारती का है।

# बालाघाट के जंगल में करंट लगाकरजीआई तार में फैलाया करंट, भालू और दो चीतल की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

बालाघाट। बालाघाट जिले में शिकार के लिए बिछाए गए करंट से भालू और दो चीतल की मौत हो गई। वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर के अंतर्गत बघोली बीट कक्ष क्रमांक 1447 ग्राम ठेमा से लगे ग्राम खुदुरगांव में तीनों के शव शुक्रवार को मिले। शिकार के लिए बिछाए गए करंट से एक भालू और दो चीतल की मौत हो गई।





गुरुवार-शुक्रवार रात करीब 3 बजे के आसपास गांव की बिजली ट्रिप हुई थी, जिससे 11 केवी लाइन से तार बिछाकर करंट फैलाया गया था। सुबह ग्रामीणों ने जंगल मे भालू और दो चीतल के शव देखे। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना पर पश्चिम बैहर वन परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची। यहां से बांस की खुटी और कुछ जीआई तार बरामद किया। कान्हा वन विभाग से डॉग स्कावड की टीम भी मौके पर पहुंची है।

वन विभाग की टीम के द्वारा मामले की छानबीन कर करंट लगाने वाले आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। इस दौरान बैहर एसडीओ, परिक्षेत्र अधिकारी कंदर्प भट्ट, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र मरावी सहित पश्चिम बैहर के अन्तर्गत वन विभाग का अमला मौके पर मौजूद है।

## संपादकीय

### नए सवाल उठने शुरू

राहुल गांधी के मामले में आए फैसले के राजनीतिक और न्यायिक निहितार्थ हो सकते हैं, पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर राजनेताओं को अपनी व्यक्तिगत राजनीतिक खुन्नस निकालने के लिए अशोभन वक्तव्य देने की छूट क्यों मिलनी चाहिए। राहुल गांधी अकेले ऐसे नेता नहीं हैं, जिन्होंने सार्वजनिक मंच से किसी को निशाना बना कर अपमानजनक वक्तव्य दिया। ऐसे राजनेता हर दल में हैं। आखिरकार वही हुआ, जिसकी आशंका कांग्रेस को सता रही थी। इधर मानहानि मामले में सूरत की स्थानीय अदालत ने राहुल गांधी को दो साल कैद की सजा सुनाई, उधर लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता समाप्त कर दी। प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार अगर किसी सदस्य को आपराधिक मामले में दो साल या उससे अधिक की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी सदस्यता समाप्त की जा सकती है। इस नियम के अनुसार लोकसभा सचिवालय के कदम को सही कहा जा सकता है। मगर यह सब जिस तरह आनन-फानन में हुआ, उससे नए सवाल उठने शुरू हो गए हैं। अभी इस बात को लेकर चर्चा चल रही थी कि सूरत की स्थानीय अदालत का फैसला कहां तक उचित है, कि लोकसभा सचिवालय का यह नया फैसला आ गया। हालांकि सूरत की अदालत ने फैसला सुनाने के साथ राहुल गांधी को एक महीने की मुहलत भी दी थी कि इस बीच उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा और वे इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकते हैं। मगर लोकसभा सचिवालय ने एक दिन की मुहलत देना भी मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों को सरकार पर नए सिरे से आरोप लगाने का एक और मौका मिल गया है। सूरत की अदालत के फैसले से एक बार फिर यह बात रेखांकित हुई है कि सार्वजनिक जीवन में राजनेताओं को अपनी भाषा में संयम रखना ही चाहिए। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय भी राहुल गांधी को मर्यादित भाषा के इस्तेमाल की चेतावनी दे चुका है। उत्तर प्रदेश में आजम खां भी इसी तरह अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने की वजह से अपनी सदस्यता गंवा चुके हैं। मगर देखना है कि इन फैसलों से राजनेता कितना सबक लेते हैं।

# बाबापुर की रामलीला



**तेनालीराम हमेशा अपनी बुद्धिमता से सबका मन जीतने के लिए जाने जाते थे। आए दिन राज्य पर आई किसी न किसी समस्या को सुलझाने के लिए वे अपना दिमाग लगाया करते थे। इसी तरह जब एक बार दशहरा पर नाटक मंडली विजयनगर नहीं पहुंच पाई, तो तेनाली ने क्या किया, आइए जानते हैं।**

काशी की एक नाटक मंडली हमेशा दशहरे से पहले विजयनगर आया करती थी। यह नाटक मंडली विजयनगर में रामलीला किया करती थी और नगर वासियों का मनोरंजन किया करती थी। यह एक तरह से विजयनगर की संस्कृति थी और ऐसा हर साल हुआ करता था, लेकिन एक साल ऐसा आया जब काशी नाटक मंडली के कई सदस्य बीमार पड़ गए और उन्होंने कह दिया कि वो विजयनगर नहीं आ पाएंगे। यह सुनकर महाराज कृष्णदेव राय और सारी प्रजा बहुत उदास हो गई।

दशहरे को अब सिर्फ कुछ ही दिन बाकी थे और ऐसे में किसी और नाटक मंडली को बुलाकर रामलीला का आयोजन करवाना बहुत मुश्किल था। दरबार के मंत्रियों और राजगुरु ने आसपास के गांव की नाटक मंडली को बुलाने की कोशिश की, लेकिन किसी का भी आ पाना बहुत मुश्किल था। सबको निराश देख तेनालीराम ने कहा, "मैं एक नाटक मंडली को जानता हूं। मुझे यकीन है कि वो विजयनगर में रामलीला करने के लिए जरूर तैयार हो जाएंगे।"

तेनाली की यह बात सुनकर सब खुश हो गए। इसके साथ ही राजा ने तेनाली को मंडली बुलाने की जिम्मेदारी सौंप दी और तेनाली ने भी रामलीला की तैयारी करना शुरू कर दी। विजयनगर को नवरात्र के लिए सजाया गया और रामलीला मैदान की साफ-सफाई करवा कर वहां बड़ा-सा मंच बनवाया गया। उसी के साथ मैदान पर बड़ा-सा मैला भी लगवाया गया।

जब नगर में रामलीला होने की खबर फैली, तो सारी जनता रामलीला देखने के लिए उत्सुक हो गई। रामलीला वाले दिन सभी लोग रामलीला देखने के लिए मैदान में इकट्ठे हो गए। वहीं, महाराज कृष्णदेव राय, सभी मंत्रीगण और सभा के अन्य सदस्य भी वहां मौजूद थे। सभी ने रामलीला का खूब मजा उठाया। जब नाटक खत्म हो गया, तो सभी ने उसकी बहुत तारीफ की। खासकर, नाटक मंडली में मौजूद बच्चों की कलाकारी सभी को बहुत पसंद आई थी। महाराज सभी से इतना खुश थे कि उन्होंने पूरी नाटक मंडली को महल में खाना खाने का न्योता दे दिया।

जब पूरी मंडली महल आई, तो सभी ने महाराज, तेनाली और अन्य मंत्रीगण के साथ भोजन किया। इस दौरान महाराज ने तेनालीराम से पूछा कि उन्हें इतनी अच्छी मंडली कहां से मिली? इस पर तेनाली ने उत्तर दिया, "ये मंडली बाबापुर से आई है, महाराज।"

"बाबापुर? इस जगह का नाम तो हमने कभी नहीं सुना। कहां है ये?", महाराज ने आश्चर्य से पूछा।

"यहीं विजयनगर के पास ही है, महाराज।"

तेनाली की यह बात सुनकर मंडली के सदस्य मुस्कुराने लगे। इस पर महाराज ने उनसे मुस्कुराने की वजह पूछी, तो मंडली का एक बच्चा बोला, "महाराज, हम विजयनगर के ही रहने वाले हैं। इस मंडली को तेनाली बाबा ने तैयार करवाया है और इसलिए हमारा नाम बाबापुर की मंडली है।"

बच्चे की यह बात सुनकर महाराज सहित सभी लोग ठहाके लगाने लगे।

#### कहानी से सीख

बच्चों, इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसे दूर न किया जाए सके। बस, इसके लिए संयम और बुद्धिमानी से काम लेने की जरूरत होती है, जैसे इस कहानी में तेनालीराम ने किया।

# शेर और बिल्ली

**सालों पहले नील नामक जंगल में एक बड़ी होशियार बिल्ली रहती थी। हर कोई उससे ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। जंगल के सारे जानवर उस बिल्ली को मौसी कहकर पुकारते थे। कुछ जानवर उस बिल्ली मौसी से पढ़ने के लिए भी जाते थे।**



एक दिन बिल्ली मौसी के पास एक शेर आया। उसने कहा, "मुझे भी आपसे शिक्षा चाहिए। मैं आपका छात्र बनकर आपसे सबकुछ सीखना चाहता हूँ, ताकि जीवन में आगे मुझे कोई दिक्कत ना हो।"

कुछ देर सोचने के बाद बिल्ली बोली, "ठीक है, तुम कल से पढ़ने के लिए आ जाना।"

अगले दिन से रोज़ाना शेर बिल्ली मौसी के यहाँ पढ़ने के लिए आने लगा। एक महीने में शेर इतना समझदार हो गया कि बिल्ली ने उससे कहा, "अब तुम मुझसे सब कुछ सीख चुके हो। तुम्हें कल से पढ़ाई के लिए आने की ज़रूरत नहीं है। तुम मेरे द्वारा प्राप्त की गई शिक्षा की मदद से अपने जीवन को आसानी से जी सकते हो।"

शेर ने पूछा, "आप सच कह रही हैं? मुझे अब सब कुछ आ गया है, क्या?"

बिल्ली ने जवाब दिया, "हाँ, मैं जो कुछ भी जानती थी, मैंने सब कुछ तुम्हें सीखा दिया है।"

शेर ने दहाड़ते हुए कहा, "चलो फिर क्यों ना आज इस विद्या को तुम पर ही आज़मा कर देख लिया जाए। इससे मुझे पता चल जाएगा कि मुझे कितना ज्ञान मिला है।"

डर के मारे सहमी हुई बिल्ली मौसी ने कहा, "बेवकूफ, मैं तुम्हारी गुरु हूँ। मैंने तुम्हें शिक्षा दी है, तुम इस तरह मेरे ऊपर प्रहार नहीं कर सकते हो।"

शेर ने बिल्ली की एक न सुनी और उसपर झपट पड़ा। अपनी जान बचाने के लिए तेज़ी से बिल्ली दौड़ने लगी। दौड़ते-दौड़ते वह पेड़ पर चढ़ गई।

बिल्ली को पेड़ पर चढ़ा हुआ देखकर शेर ने कहा, "तुमने मुझे पेड़ पर चढ़ना नहीं सिखाया। तुमने मुझे पूरा ज्ञान नहीं दिया।"

पेड़ पर चढ़ने के बाद राहत की साँस लेते हुए बिल्ली ने जवाब दिया, "मुझे तुम पर पहले दिन से ही विश्वास नहीं था। मैं जानती थी कि तुम मुझसे सीखने के लिए तो आए हो, लेकिन मेरे ही जीवन के लिए आफ़त बन सकते हो। यही कारण है कि मैंने तुम्हें पेड़ पर चढ़ना नहीं सिखाया। अगर मैंने तुम्हें यह ज्ञान भी दिया होता, तो तुम आज मुझे मार डालते।"

गुस्से में बिल्ली आगे बोली, "तुम आज के बाद मेरे सामने कभी मत आना। मेरी नज़रों से दूर हो जाओ। ऐसा शिष्य जो अपने गुरु का सम्मान नहीं कर सकता, वो किसी क़ाबिल नहीं।"

बिल्ली मौसी की बात सुनकर शेर को भी गुस्सा आया, लेकिन वो कुछ नहीं कर सकता था, क्योंकि बिल्ली पेड़ पर थी। गुस्से को मन में लेकर शेर वहाँ से दहाड़ते हुए चला गया।

#### कहानी से सीख

शेर बिल्ली की कहानी से यह सीख मिलती है कि किसी पर भी आँखें मूँदकर भरोसा नहीं करना चाहिए। जीवन में हर किसी से सतर्क रहने पर ही आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

## Highlights

1. **Congress leader reaches police station to file case against PM; police says 'won't file'**
2. **Tejashwi appears before CBI for questioning in land-for-jobs scam**
3. **Say whatever you want but don't compare me to Ankur Warikoo: Ashneer Grover**
4. **Indians gather outside consulate in San Francisco to show unity after Khalistan protest**
5. **Man throws acid on colleague over his close friendship with a woman colleague in Noida**
6. **Earth Hour to be observed from 8:30pm today, people urged to switch off lights**

# US, global markets fall on banking turmoil: Report

**NEW DElHI, (Agency).** Most U.S. bank stocks fell between 2% and 4%, dragged down by Deutsche Bank, which fell more than 10% on reports that the company was facing higher costs for insuring itself against default.

Investors are worried that more banks might suffer a debilitating exodus of customers following the second- and third-largest U.S. bank failures in history. That turmoil is clouding the outlook for what the Federal Reserve will do with interest rates after hiking them to market-rattling heights over the last year.

The fear is that all the turmoil in the banking industry could cause a sharp pullback in lending to small and mid-sized businesses around the country. That could put more pressure on the economy, raising the risk for a recession that many economists already saw as likely.

Shares in the troubled First Republic Bank slid another 5% early Friday, while KeyCorp, PNC and M&T all fell more than 2%.




Deutsche Bank's shares plunged as much as14% after an overnight surge in credit default swaps — a hedge against defaults for bond investors. Other European banks also lost ground. Commerzbank dropped 8.7%, Societe General skidded 7.7% and Credit Suisse, itself subject to a government-arranged buyout by UBS, dropped 8.6%. UBS gave up 8%.

Regional banks' shares in Asia were modestly lower Friday, with HSBC Holdings plc losing 2.9% in Hong Kong while mid-sized Japanese bank Resona Holdings declined 2.6%.

Shares in Japanese energy and electronics company Toshiba Corp. gained 4.2% after it announced late Thursday that it had accepted a $15 billion tender offer from a buyout fund made up of the nation's major banks and companies. If regulators approve it, the proposed buyout by private equity firm Japan Industrial Partners would be a major step in troubled Toshiba's yearslong turnaround effort, allowing it to go private.

# From Aadhaar-PAN linking to mutual fund nomination, five things you must do before March 31

**NEW DElHI, (Agency).** The last day of March marks the end of a financial year. With the new fiscal year beginning from April 1, it is important that we complete necessary financial tasks to get some much-needed benefits. As the financial year is coming to an end, here are the five things you must finish before it is too late.

Mutual funds nomination

According to a circular by the Securities and Exchange Board of India (SEBI), it is important for mutual fund investors to submit nomination for the existing folios by March 31. This includes jointly-held folios while the new unit holders should either submit the nomination form or the declaration stating that they are opting out of the nomination.

According to the SEBI note, an individual mutual fund unit holder can nominate a person to claim funds or the nomination proceeds in case of his/her demise.



Income Tax exemption under Section 80C

Seven days are left before this financial year ends. You still have time to claim your income tax exemption under Section 80C. You can do this through investments in Public Provident Fund (PPF), equity linked saving schemes (ELSS), Sukanya Samriddhi Yojana etc.

PAN-Aadhaar linking

The last date to link your Permanent Account Number (PAN) and Aadhaar is March 31. You still have five days to complete the process. According to the Central Board of Direct Taxes (CBDT), failure to link PAN and Aadhaar will lead to the former being inoperative on April 1.

New Delhi

# प्रतिबंधित संगठन का सदस्य होना भी माना जाएगा अपराध, UAPA कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 2011 का फैसला

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) संशोधन अधिनियम, 2008 (UAPA) के एक मामले पर फैसला दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रतिबंधित संगठन का सदस्य मात्र होने से भी व्यक्ति अपराधी होगा और इसके लिए गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत सजा दी जा सकती है. कोर्ट ने 2011 के उन फैसलों को पलट दिया जिसमें दो न्यायाधीशों की बेंच द्वारा फैसला सुनाया गया था. फैसले के मुताबिक गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना ही UAPA के तहत कार्रवाई का आधार बन सकता है.



2011 के फैसले में कहा गया था कि प्रतिबंधित संगठन का सदस्य होने से किसी व्यक्ति को तब तक दोषी नहीं ठहराया जाएगा, जब तक कि वह हिंसा का सहारा नहीं लेता या लोगों को हिंसा के लिए उकसाता है. अदालत ने अपने फैसले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 10(ए)(i) को भी सही ठहराया है, जो गैरकानूनी संगठन की सदस्यता को भी अपराध घोषित करती हैं. इसमें जुर्माने के साथ दो साल की कैद की सजा हो सकती है. जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस सी टी रविकुमार और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने यह फैसला सुनाया.

वर्ष 2011 में जस्टिस मार्कंडेय काटजू और जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा की 2-न्यायाधीशों की पीठ ने उल्फा का सदस्य होने के आरोपी व्यक्ति द्वारा टाडा के तहत दायर जमानत अर्जी पर फैसला दिया था. तब कोर्ट ने अरुप भुइयां को जमानत दे दी थी. खंडपीठ ने कहा कि प्रतिबंधित संगठनों की सदस्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 2011 में जो फैसला सुनाया था उसके मुताबिक, हाईकोर्ट द्वारा सुनाए गए फैसले गलत हैं. कोर्ट ने कहा कि अधिनियम की धारा 10 (ए) (i) संविधान के 19 (1) (ए) और 19 (2) के अनुरूप है.

Bihar

## पांच बच्चों का पिता मंदिर में दूसरी शादी कर पहुंचा कोर्ट, पहली पत्नी ने किया हंगामा, वकील ने हाथ खींचे

**जमुई, (एजेंसी)** जमुई जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में शुक्रवार की दोपहर पांच बच्चों का पिता अपनी प्रेमिका के साथ दूसरी शादी करने पहुंचा था। इसी दौरान पहली पत्नी ने कोर्ट में पहुंचकर दूसरी शादी के खिलाफ जमकर हंगामा किया।



जानकारी के मुताबिक, जमुई जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत भूमि मरहर गांव निवासी जितेंद्र तांती की शादी 2012 में बेबी देवी के साथ हुई थी। उसकी चार लड़की और एक लड़का भी है। वह झारखंड के टाटा में टाइल्स मिस्त्री का काम करता है। जहां उसे मुजफ्फरपुर की रहने वाली काजल कुमारी से प्रेम हो गया। साथ ही दोनों मंदिर में शादी भी कर ली। इसके बाद दोनों शुक्रवार की दोपहर कोर्ट मैरिज करने जमुई न्यायालय पहुंचे थे। इस बात भनक उसकी पहली पत्नी बेबी देवी को लग गई। इसके बाद वह अपने परिजनों और बच्चों के साथ जमुई न्यायालय पहुंच कर शादी का विरोध करने लगी। वहीं, जितेंद्र दूसरी शादी करने जिस अधिवक्ता नरेश पांडेय के पास पहुंचा था उसने भी दूसरी शादी को गैरकानूनी बताते हुए कोर्ट मैरिज करवाने से इनकार कर दिया।

Uttarpradesh

## बॉयफ्रेंड को जहर देकर गर्लफ्रेंड ने किया कॉल, बोली- न मरे हो तो फांसी लगा लेना....गुडबाय

**एटा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के एटा से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां प्रेमिका ने अपने प्रेमी को घर बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर जहर दे दिया. बताया जा रहा है कि जब प्रेमी अंतिस सांसें गिन रहा था, तो प्रेमिका ने कॉल पर उससे कहा कि इस जहर से बच जाओ तो फांसी लगा लेना...ओके, गुडबाय. जानकारी के मुताबिक, यह पूरी प्रेम कहानी एटा के नारायण नगर निवासी चित्रा और हाथरस निवासी अंकित कुमार की है. दोनों काफी समय से एक-दूसरे से मोहब्बत करते थे और शादी करना चाहते थे. मगर, दोनों की प्रेम कहानी चित्रा के परिजनों पसंद नहीं थी और वह चित्रा और अंकित की शादी के सख्त खिलाफ थे. चित्रा के परिजनों ने उसकी शादी बुलंदशहर निवासी हेमंत के साथ कर दी थी. बावजूद इसके चित्रा और अंकित मिलते जुलते रहे. इस बात से चित्रा का भाई अमित, अंकित से काफी नाराज था. बताया जा रहा है कि इसी बीच एक दिन फोन पर चित्रा ने अंकित को एटा बस स्टैंड पर बुलाया. चित्रा ने कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर अंकित को जहर दे दिया. कुछ देर बातचीत के बाद चित्रा अपने घर वापस चली गई.

Rajasthan

## जैसलमेर में सेना की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में 3 मिसाइलें मिसफायर, 2 का मलबा मिला, 1 अब भी लापता

**बाड़मेर, (एजेंसी)** राजस्थान के जैसलमेर में सेना की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज से मिसाइल मिसफायर होने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि शुक्रवार को सैन्य अभ्यास के दौरान तीन मिसाइलें मिसफायर हो गईं। हालांकि, इस घटना में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। मिसफायर हुईं तीनों मिसाइलों में से दो का मलबा बरामद कर लिया गया है, लेकिन एक मिसाइल अब भी लापता है।



रक्षा प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, "आज पीएफएफआर में वार्षिक फील्ड फायरिंग करने वाली एक यूनिट के मिसाइल मिसफायर होने की सूचना मिली थी। हालांकि, मिसाइल आसमान में ही सुरक्षित रूप से नष्ट हो गई और मलबा आसपास के खेतों में जा गिरा। इस घटना में किसी भी जवान और संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।'' इस बीच, मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि फील्ड फायरिंग के दौरान तीन मिसाइलें मिसफायर हो गईं। उन्होंने कहा कि सतह से हवा में मार करने वाली तीन मिसाइलें जैसलमेर में अलग-अलग जगहों पर गिरीं। हालांकि, दो मिसाइलों का मलबा बरामद कर लिया गया है, लेकिन तीसरी मिसाइल की तलाश अब भी जारी है।

खेल

# WPL फाइनल में मुंबई, 26 को दिल्ली से मुकाबला

## इजाबेल वॉन्ग ने ली टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक, नैटली सीवर का दोहरा प्रदर्शन

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई इंडियंस ने विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूपी वॉरियर्ज को एकतरफा मुकाबले में 72 रनों से हराया। मुंबई की इजाबेल वॉन्ग ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली। वहीं नैटली सीवर ने पहले बैटिंग और फिर बॉलिंग से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने 4 विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 17.4 ओवर में 110 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

### नैटली सीवर ने नाबाद 72 रन बनाए

पहली पारी में मुंबई से नैटली सीवर ने 38 बॉल में 72 रन की नाबाद पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के भी लगाए। फिर गेंदबाजी में ग्रेस हैरिस का अहम विकेट लिया। इतना ही नहीं, उन्होंने लॉन्ग ऑन पर किरण नवगिरे का अहम कैच भी लिया।



अहम एलिमिनेटर मुकाबले में वॉरियर्ज की सभी टॉप बैटर फ्लॉप रहीं। एलिसा हीली 11, ताहलिया मैक्ग्रा 7, श्वेता सेहरावत एक, ग्रेस हैरिस 14 और दीप्ति शर्मा 16 रन ही बना सकीं। लेकिन किरण नवगिरे ने आक्रामक बैटिंग कर अपनी टीम को उम्मीद दी। लेकिन वह 27 बॉल में 43 रन बनाकर आउट हो गईं। इस पारी में उन्होंने 3 छक्के और 4 चौके लगाए। नवगिरे के बाद सिमरन शेख और सोफी एक्लेस्टन लगातार गेंदों पर शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौट गईं। राजेश्वरी गायकवाड़ और अंजलि सर्वनी ने 5-5 रन बनाए और पार्श्वी चोपड़ा शून्य के स्कोर पर नाबाद लौटीं। मुंबई की इजाबेल वॉन्ग ने विमेंस प्रीमियर लीग की पहली हैट्रिक ली। उन्होंने 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर किरण नवगिरे को कैच आउट कराया। फिर तीसरी बॉल पर सिमरन शेख और चौथी बॉल पर सोफी एक्लेस्टन को बोल्ड कर दिया। वॉन्ग ने पावरप्ले में एलिसा हीली को पवेलियन भेजा था। उन्होंने 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट के साथ अपना स्पेल खत्म किया। वॉन्ग के अलावा साइका इशाक को 2 विकेट मिले।

सिनेमा

## Gadar 2 : केआरके ने बता दिया गदर 2 का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन, कहा- 'ब्लैंक पेपर पर लिख कर दे सकता हूं कि...'

अभिनेता व क्रिटिक केआरके (KRK) सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट्स को लेकर खूब चर्चा में रहते हैं। ऐसे में इस बार केआरके ने सनी देओल (Sunny Deol) की अपकमिंग

फिल्म गदर 2 पर रिएक्ट किया है। गदर के करीब 22 साल बाद फिल्म का दूसरा पार्ट आ रहा है, ऐसे में दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर काफी एक्साइटमेंट है। हालांकि केआरके का कहना है कि गदर 2 (Gadar 2) का लाइफटाइम कलेक्शन करीब 15 करोड़ रुपये रहेगा।

केआरके बॉलीवुड सेलेब्स व फिल्मों पर अपनी राय रखने के साथ ही साथ मूवीज का कलेक्शन अपडेट भी देते हैं। हालांकि इस बार केआरके ने ऐसी फिल्म का कलेक्शन अपडेट दिया है, जिसका अभी तक टीजर या ट्रेलर भी रिलीज नहीं हुआ। केआरके ने सनी देओल की फिल्म गदर 2 का लाइफटाइम कलेक्शन बता दिया है। केआरके ने अपने ट्वीट में लिखा, 'प्लीज नोट, शारिक पटेल और जी टीम का कहना है कि गदर 2, 200 करोड़ का कलेक्शन करेगी, लेकिन मैं ब्लैंक पेपर पर लिख कर दे सकता हूं कि फिल्म 15 का लाइफटाइम कलेक्शन करेगी। तो अब आप इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि कॉरपोरेट स्टाफ का हिंदी फिल्मों के बारे में नॉलेज कितना है।' सोशल मीडिया यूजर्स का इस पर मिक्स रिएक्शन देखने को मिल रहा है। कुछ ट्विटर यूजर्स का कहना है कि फिल्म को देखे बिना इस बारे में कुछ भी कोई कैसे कह सकता है। वहीं कुछ का कहना है कि ये फिल्म किसी भी कीमत पर 50 करोड़ से तो ऊपर ही कमाएगी क्योंकि ये एक बड़ा नाम है। वहीं कुछ ने कमेंट में लिखा है कि केआरके ने कह दिया है तो अब फिल्म कैसे भी हिट हो ही नहीं सकती है।



# नौकर ने ही रची थी शूज व्यापारी को लूटने साजिश

## एक पकड़ाया, तीन आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश

**इंदौर। शूज व्यापारी से कोयला बाखल में चाकू अड़ाकर लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। उनके नौकर ने ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था । उसे पता था कि व्यापारी कितने बजे माल लेकर जाते हैं। आरोपी बाणगंगा इलाके के हैं।**

पंढरीनाथ पुलिस ने उजैन निवासी कपिल लाहोरी की शिकायत पर तीन बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया था। उसके साथ बदमाशों ने चाकू अड़ाकर बुधवार शाम 7.&0 बजे लूट की थी। पुलिस जांच के बाद उसी की दुकान पर काम करने वाले उसके नौकर अमर सुरामे निवासी कुशवाह नगर को गिर तार कर लिया है। पहले तो अमर बरगला रहा था, लेकिन बाद में उसने कबूला कि उसने दोस्तों को अपने मालिक की सूचना दी थी। फिर आरोपियों ने रैकी की थी। इसके बाद लूट को अंजाम दिया है। इसमें एक आरोपी कपिल दुकान पर 8-9 महीने पहले काम भी कर चुका है, जबकि तीसरा इनका साथी है।

### आरोपियों को थी जानकारी

अफसरों की मानें तो नौकर को पहले से पता था कि सेठ और उनके भाई दोनों एक साथ जाते हैं, इसलिए उसने अपने सेठ को रोकने के लिए उनकी बाइक का स्पार्क प्लग निकाल दिया था, ताकि सेठ लेट हो जाएं और भाई निकल जाएं। साजिश के तहत ऐसा ही हुआ। इसके बाद बदमाश आए और उन्होंने व्यापारी कपिल पर झपट्टा मारा। हाथापाई में कपिल गिर पड़े और बदमाश 1.&0 लाख रुपए से भरा बैग छीनकर भाग गए। फिर आरोपियों के पीछे नौकर भी दिखावा करने के लिए भागा था। सभी आरोपी बाणगंगा इलाके के हैं।

### भोपाल को निकली बाकी आरोपियों की लोकेशन

पंढरीनाथ टीआई का कहना है कि शूज व्यापारी के साथ लूट की वारदात करने वाले एक आरोपी को गिर तार कर उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है वहीं उसके बाकी तीन साथियों की तलाश की जा रही है। इनकी लोकेशन भोपाल रेलवे स्टेशन के आसपास मिली है। टीआई का कहना है कि जल्द ही तीनों आरोपियों को भी गिर तार कर लिया जाएगा।

# बदमाश पकड़ाए, डकैती डालने की बना रहे थे योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजय इलाके में पिस्टल-चाकू से लैस गुड़ों ने एक मसाज पार्लर में घुसकर संचालक को धमकाया पीटा और पांच लाख रूपए की मांग की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन बदमाशों की तलाश की। इन्हें घेराबंदी कर तब धरदबोचा गया जब ये डकैती डालने की साथ रच रहे थे।

क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि विजय नगर क्षेत्र में सयाजी होटल के पीछे श्मसान घाट पर बैठे कुछ व्यक्ति हथियारों के साथ सयाजी पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कतर पांच आरोपियों को गिर तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम अरूण मालवीय उर्फ डार्लिंग निवासी खजराना,सागर गहलोत उर्फ ब'ा निवासी जगजीवनराम नगर, यशराज उर्फ कालू राठौर निवासी ज्ञानशील कालोनी, सलखन कुमावत निवासी नहेरू नगर और सुमित खांडे निवासी खजराना बताया। पूछताछ करने पर आरोपियों के द्वार कार से जाकर उक्त पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बनाना स्वीकर किया। आरोपियों के कब्जे से 2 पिस्टल कारतूस एंव दो धारदार चाकू एंव 1 लोहे की राड मिले हैं। आरोपियों ने पूछताछ में ये भी बताया कि एक अन्य प्रकरण में भी फरियादी जिसका मेदांता हास्पिल के पास आर आर स्पा सेंटर हैं में 20 मार्च को स्पा सेंटर में अवैध रूप से घुसकर स्टाफ को पिस्टल एंव चाकू दिखाकर गाली गलौज व धमकी दी और फरियादी को काल करके कहा कि अगर यंहा मसाज सेटंर चलाना है तो पांच लाख रूपए प्रोटेक्शन मनी के रूप में देना होगी और अगर पैसे नहीं दिए तो जान से मारन की धमकी देना कबूला। गिर त में आए सभी आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड है।इन पर शहर के अलग अलग थानों में कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

### महिला ने खाया जहर

**इंदौर**। खेत पर काम कर रही एक महिला के 10 हजार रूपए और मोबाइल गुम जाने पर उसने तनाव में आकर जहर खा लिया उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है जंहा उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला का नाम मदीना पति अमजद निवासी ग्राम दतोदा सिमरोल है। रिश्तेदार निजाम ने बताया कि महिला को उसके पति ने हाल ही में नया मोबाइल दिलवाया और किसी काम के लिए 10 हजार रूपए भी दिए थे। जब वह खेत पर काम कर रही थी तभी रूपए और मोबाइल गुम गए। उसे डर था कि घर पर इस बात को लेकर विवाद होगा। इस डर से उसने जहर खा लिया। घटना के समय उसकी बेटी उसके साथ थी। बेटी ने परिवारवालों को खबर की। इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

### परिवारों में मारपीट

**इंदौर**। राजेंद्र नगर इलाके में चौधरी मार्केट मेनगेट पर दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो परिवारों में मारपीट हो गई। पुलिस के मुताबिक मारपीट सिलिकान सिटी में हुई। पुलिस ने एक पक्ष से फरियादी डाली ओझा निवासी अरिहंत अपार्टमेंट की रिपोर्ट पर आरोपी प्रमोद तिवारी और योति पर केस दर्ज किया गया। जबकि दूसरी और फरियादी प्रखर पिता प्रमोद तिवारी की रिपोर्ट पर आरोपी अंकुर ओझा,डाली और शोभा शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### चेन लूटने वाला ड्राइवर धराया

**इंदौर**। सदरबाजार में एक घर में घुसकर लूट करने वाले ड्राइवर को भी पुलिस ने गिर तार कर लिया है। रामबाग में रहने वाली एक महिला ने शिकायत की थी कि उनके पुराने ड्राइवर अजय तंवर और उसके साथ सचिन ने चेन लूट कर ली थी आरोपी सचिन तो तुरंत पकड़ा गया था। अजय फरार हो गया था। उसे भी पकड़ लिया है। आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है। नौकरी छूटने के बाद नशे के लिए रूपयों की कमी पड़ी तो लूट की योजना बनाई। पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## युवक के साथ गई महिला

# घर से नगदी और जेवरात भी ले गई, पीड़ित पति ने ली पुलिस की शरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक युवक की पत्नी घर से गहने और नकदी ले उड़ी। पीड़ित पति का आरोप है कि उसे मुस्लिम युवक बरगलाकर ले गया। पत्नी मासूम ब'ी को भी साथ ले गई है। अब उसे डर सता रहा है कि कंही मुस्लिम युवक उसका धर्मांतरण ना करा दे। युवक ने मामले की शिकायत स्थानीय थाने से लेकर पुलिस अधिकारियों तक की लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हई है।**

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की शिवसिटी में सनप्रतिसिंह खनूजा बूढी मां के साथ रहता है। 7 मार्च को वह काम से बाहर गया था मां भी घर पर नहीं थी उसने अफसरों को शिकायत में बताया कि उस दिन उसकी पत्नी सुखविंदर ब'ी के साथ लापता हो गई। राजेंद्र नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी लिखाई। घर में जाकर देखा तो दस तोला सोन और नकदी गायब थी। समप्रप्रीतसिंह खनूजा का कहना है कि दो लड़कियां रागिनी और मोनिका उसे गांधीधाम के इदरीश के इशारे पर यंहा लेने के लिए आई थीं।

पुलिस ने दोनों लड़कियों से पूछताछ भी की लेकिन बाद में छोड़ दिया। सनप्रीतिसिंह का कहना है कि 2019 में उसका विवाह सुखविंदर से एक रिश्तेदार के माध्यम से हुआ था। शादी के पहले से वही वह इदरीस निवासी गांधीधाम के संपर्क में थी। उसने रूपए ऐंठने और धोखाधड़ी करतने के लिए शादी की। पीड़ित सनप्रतिसिंह का आरोप है कि राजेंद्र नगर पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है। सीएम हेल्पलाइन से लेकर डीसीपी तक को शिकायत की जा चुकी है। समाज के वरिष्ठ लोग भी मामले को लेकर अफसरों से बात कर चुके हैं लेकिन नतीजा सिफर है। पीड़ित को डर सता रहा है कि इदरीस कंही उसके मासूम ब'ी का धर्म परिवर्तन नहीं करा दे।

### पिता व भाई को पीटा

**इंदौर।** थाना भंवरकुंआ इलाके में नशे के आदी छोटी भाई ने पिता और बड़े भाई से शराब पीने के लिए पांच सौ रूपए की मांग की। न देने पर जमीन पर पटक कर पीटा और नुकीली वस्तु से हमलाकर घायल कर दिया। घटना फरियादी शैलेंद्र कोचले(40) निवासी एकता नगर के साथ बीती रात हुई। इसके छोटे बाई रितेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया। शैलैंद्र ने बताया कि छोटा भाई रितेश नशे की हालत में आया था और शराब पीने के रूपए मांग रहा था मना किया तो मुझे और पिताजी पर हमला कर घायल कर दिया।

### जीजा- साले भिड़े

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में जीजा-साले के बीच में मारपीट हो गई पानी भरने की बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। जीतू पिता सीताराम हानवे(&2) निवासी त्रीषि पैलेस कालोनी की शिकायत पर शुभम के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी उसका साला है। आरोपी उन्हें पानी भरने नहीं दे रहा था।

sponcership


Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।